## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 18.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल घाटशिला में करेंगे चुनावी जनसभा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 20 मई को राज्य के तीन लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां किया जा रहा रवाना।

2- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं के मोबलाइजेशन के लिए समुचित कदम उठाने के दिए निर्देश, बूथों में एक बार में तीन मतदाता डाल सकेंगे वोट।

3- रांची में लोकसभा चुनाव को लेकर 4 जून को मतगणना समाप्ति तक जारी रहेगी निषेधाज्ञा, हथियार जमा नहीं करने वाले 214 आर्म्स लाइसेंसधारियों के लाइसेंस किए गए रद्द।

4- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अल्पसंख्यक कॉलेजों के शिक्षकों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का दिया निर्देश, 1 अप्रैल 2021 की तारीख से सभी बकाए का हो भुगतान।

5- गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र में अवैध माइका खदान में दबने से दो महिलाओं की मौत, शवों को कब्जे में कर पूरे मामले की छानबीन कर रही पुलिस।

****************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमशेदपुर से एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में घाटशिला में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए भारतीय पुलिस सेवा के 7 पदाधिकारियों और दो हजार पांच सौ जवानों को तैनात किया गया है। वहीं एसपीजी ने भी कमान अपने हाथों में ले ली है।

****************

पांचवें चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट तथा गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए चल रहे चुनाव प्रचार का शोर आज शाम पांच बजे थम जाएगा। इन सभी सीटों के लिए बीस मई को सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस चरण में 54 प्रत्याशी मैदान अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें चतरा से 22, कोडरमा से 15 और हजारीबाग से 17 उम्मीदवार हैं। इन तीन सीटों के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर सुदूर इलाकों में अवस्थित मतदान केंद्रों के लिए मतदान सामग्रियों के साथ पोलिंग पार्टियों को आज से ही पूरी सुरक्षा के साथ रवाना किया जा रहा है।

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के साथ उन्हें मतदान केंद्र तक लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि मतदान की गति बढ़ाने के लिए मतदान केंद्र में एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान की सुविधा दी जा रही है। वहीं जिन मतदान केंद्रों पर एक हज़ार दो सौ से ज्यादा वोटर्स हैं, वहां अतिरिक्त मतदान कर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मतदान केंद्र जाने वक्त मतदाता सूची का सीरियल नंबर जरूर नोट कर लें। इसके लिए वे निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन एप्प का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

****************

चतरा सीट के लिए बीस मई को होने वाले मतदान क लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। इस सिलसिले में मतदान कर्मियों को रवाना करने का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं चतरा कॉलेज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का उपायुक्त सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने निरीक्षण कर कई अहम निर्देश दिए। उधर, जिले में आचार संहिता लागू होने के बाद से अबतक लगभग इक्कीस करोड़ तिहत्तर लाख रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इसके अलावा इक्कीस वाहन, सोलह हथियार और दो सौ बारह कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है।

****************

कोडरमा की उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेधा भारद्वाज ने बीस मई को होने वाले चुनाव को लेकर सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी और अन्य सभी मतदान कर्मियों के साथ बैठक कर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्देश दिए।

****************

रांची जिले में स्वच्छ, निष्पक्ष स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है । चार जून को मतगणना समाप्ति तक निषेधाज्ञा लागू रहेगा। उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। वहीं, जिला प्रशासन ने आर्म्स जमा नहीं करने वाले 214 आर्म्स लाइसेंसधारियों के लाइसेंस भी रद्द कर दिए हैं । वरीय पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर रांची के उपायुक्त– सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह कार्रवाई की। इससे पहले विभिन्न माध्यमों से लगातार आर्म्स लाइसेंसधारियों को अपने आर्म्स जमा करने के लिए सूचना दी जा रही थी, लेकिन इन्होंने अपने लाइसेंसी हथियार जमा नहीं किए थे।

****************

एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सामुदायिक सफाई अभियान के साथ स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने वर्ष में सौ घंटे स्वेच्छा से स्वच्छता को समर्पित करने की शपथ ली।

****************

रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरायकेला–खरसांवा जिले के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को अल्पसंख्यक कॉलेजों के शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का निर्देश दिया है। न्यायाधीश अनुभा रावत चौधरी की अदालत ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सभी शिक्षाकर्मियों को एक अप्रैल 2021 की तारीख से सातवें वेतनमान के सभी बकाए का भुगतान करने को कहा है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में राज्य सरकार के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें अल्पसंख्यक कॉलेजों को छोड़कर अन्य सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों को सातवां पुनरीक्षित वेतनमान देने का निर्णय लिया गया था।

****************

गिरिडीह जिले के गांवा थाना क्षेत्र स्थित परसौनी गांव में अवैध माइक खदान की चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत की बात सामने आई है। यह हादसा माइका के अवैध खनन के दौरान हुआ। इस घटना के बाद ग्रामीण दोनों शवों को खदान से निकालकर अपने घर ले आए थे। लेकिन, इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने दोनें शवों के अपने कब्जे में पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

****************

आईपीएल की तर्ज पर झारखंड प्रीमियर लीग का आयोजन इक्कीस से चौबीस मई तक होगा। राजधानी रांची के मेकॉन स्टेडियम में होनेवाले इस लीग में बारह टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के चयन को लेकर कल खिलाड़ियों की हुई निलामी में तीन सौ पचहत्तर क्रिकेटरों को शामिल किया गया। वहीं, लीग की विजेता को ट्रॉफी के साथ पांच लाख रुपए तथा उप विजेता को तीन लाख रुपए नकद पुरस्कार मिलेगा।

****************

बैंकाक में थाइलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आज पुरूष डबल्स के सेमीफाइल में भारत के चिराग शेट्टी और सात्विक सांईराज रंकी रेड्डी की जोडी का मुकाबला कोरिया की मिंग चे लू और तांग काई वेई की जोडी से होगा। वहीं, महिला डबल्स के सेमी–फाइनल में आज ही भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्टो की जोडी थाइलैंड की जोंगकोलफान किटीथराकुल और रविंडा प्राजोंगजई की जोडी के साथ खेलेगी।

****************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले कुछ घंटों के दौरान तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा, जबकि कहीं–कहीं हीट वेव का भी असर देखने को मिलेगा।

****************

अब संक्षिप्त खबरें

- नगर विकास विभाग ने राजधानी रांची के धुर्वा में नवनिर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट के गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश रांची नगर निगम को दिया है। वहीं, फ्लैट्स के आवंटन में बरती गई अनियमितता की भी जांच होगी।
- सीआईपी रांची के 107वां स्थापना दिवस समारोह में बेहतर कार्य करनेवाले संस्थान के कर्मी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार का भी आयोजन हुआ।
- खूंटी पुलिस ने मुरहू तथा अड़की थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लगभग दो हजार किलोग्राम अवैध डोडा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। बाजार में इसकी कीमत लगभग पौने दो करोड़ रुपए है।
- पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।
- छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से रांची में आयोजित सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग में बहू बाजार, अरगोड़ा और मोरहाबादी एक्सप्रेस ने अपने अपने मैच जीत लिए।

*********समाप्त*********